an>

Title: Need to establish a Kendriya Vidyalaya at Narsinghgarh in Rajgarh Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़) ः मध्य प्रदेश के राजगढ़ लोक सभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण नगर नरसिंहगढ़ में नवीन केन्द्रीय विद्यालय स्वीकृत करना चाहिए।

मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़, मध्य प्रदेश की विधान सभा नरसिंहगढ़ में पूर्व से नवीन केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति हेतु मंत्रालय में आवेदन विधिवत रूप से प्रेषित किया जा चुका हैं, किंतु वर्तमान समय तक उसे स्वीकृत नहीं किया जा सका है, जिससे क्षेत्र के सैंकड़ों छात्र-छात्राओं को विद्या अर्जन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी व लाभकारी शैक्षणिक संस्था की मांग नरसिंहगढ़ में काफी समय से रही हैं, जिसके माध्यम से बड़ी जनसंख्या को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलवाये जाने का प्रयास आज दिनांक तक कार्यान्वित नहीं हो पाया है।

मैं माननीय मंत्री महोदय से क्षेत्र के लोगों की आकांक्षाओं व व्यापक छात्रहित को देखते हुए नरसिंहगढ़ में केंद्रीय विद्यालय के शीघ्र स्वीकृत व संचालन प्रारंभ किये जाने का अनुरोध करता हूँ।